भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2195

(जिसका उत्तर सोमवार, 02 दिसम्बर, 2019/11 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाना है।)

विभिन्न क्षेत्रों के लिए छूट

2195. श्री गोपाल शेट्टीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए जुलाई, 2019 में ऑटो क्षेत्र और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सहित अन्य अनेक क्षेत्रकों को छूट प्रदान करने की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त छूट के माध्यम से सरकार द्वारा हासिल किए गए लाभों का क्षेत्रक-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): सरकार ने अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए अगस्त/सितम्बर, 2019 में अनेक कदम उठाए हैं, जिनमें निर्यात, आवास क्षेत्र को बढ़ाने, सरकारी क्षेत्र के बैंकों का विलय करने, विद्यमान कंपनियों का कार्पोरेट कर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत करने और नई विनिर्माण कंपनियों के लिए 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत करने, और कंपनी अधिनियम के अंतर्गत सीएसआर उल्लंघन को आपराधिक अपराध की बजाय नागरिक दायित्व माने जाने आदि उपाय शामिल हैं। सरकार ने ऑटो क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए, मोटर कारों, मोटर बसों, मोटर लॉरियों के लिए अतिरिक्त 15 प्रतिशत मूल्यह्रास की घोषणा की है। उक्त प्रोत्साहन 23.08.2019 को या उसके बाद प्राप्त की गई ऐसी मोटर कारों, मोटर बसों, मोटर लॉरियों और मोटर टैक्सियों के लिए उपलब्ध होंगे, जो 01.04.2020 से पहले तक प्रयोग करने के लिए रखी गई है। 23.08.2019 को या उसके बाद प्राप्त की गई, मोटर कारों (भाड़े पर चलाए जाने के व्यवसाय में प्रयुक्त मोटर कारों को छोड़कर) जो 01.04.2020 से पहले तक प्रयोग करने के लिए रखी गई हैं, की मूल्यह्रास दर को संशोधित करके 30 प्रतिशत तक कर दिया गया है। इसी प्रकार, भाड़े पर चलाए जाने के व्यवसाय में प्रयुक्त, ऐसी मोटर बसों, मोटर लॉरियों और मोटर टैक्सियों, जो 23.08.2019 को या उसके बाद प्राप्त की गई हैं और जो 01.04.2020 से पहले प्रयोग करने के लिए रखी गई हैं, के लिए मूल्यह्रास दर को संशोधित करके 45 प्रतिशत तक कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालयों/विभागों द्वारा नए वाहनों की खरीद पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा लिया गया है। सरकार द्वारा उठाए गए हालिया कदमों का लाभ आने वाले समय में प्राप्त होगा।

******